हिन्दी अनुभाग

राष्ट्रभाषा राष्ट्र की रीढ़

हमारे प्राचीन ग्रंथो में एक अत्यन्त प्रेरणास्पद कहानी आती है। किसी राज्य में राजा ने एक सुंदर मीनार बनवाने का निश्चय किया। उसकी इच्छा थी कि मीनार पर भले ही खूब धन खर्च हो जाए, किन्तु वह ऐसी शानदार बने की उसकी चर्चा सारी दुनिया मं हो। उसे देखने के लिए देश-विदेश से लोग आएं। राजा को स्थानीय कारीगरों से यह उम्मीद नहीं थी कि वे ऐसी उम्दा मीनार बना पाएगें। इसलिए उसने अलग-अलग देशों के उत्कृष्ट कारीगरों को बुलाया। जब वे सारे आ गए तो राजा ने एक दिन मीनार के स्थान पर भूमि पूजन करवाया और अगले दिन से काम शुरू हो गया। लेकिन शीघ्र ही एक बड़ी कठिनाई आ गई। बाहर से आए हुए कारीगर अलग-अलग देशों के थे, इसलिए वे एक दूसरे की भाषा नहीं समझते थे, परिणाम ये हुआ जब कारीगर मसाला माँगता तो मजदूर ईंट पकड़ा देते। ऐसा काफी समय तक चलता रहा। राजा भी इस बात से काफी परेशान हुआ और असमंजस के कारण मीनार पूरी नहीं बन पाई और राजा ने सभी कारीगरों को धन्यवाद सहित वापिस अपने-अपने देश लौटा दिया। प्राचीन ग्रंथों की यह कहानी प्रतीकात्मक है।

यह संकेत है कि जन भाषा के अभाव में मीनार नहीं बन सकी तो बिना राष्ट्रभाषा के मजबूत राष्ट्र का निर्माण कैसे हो सकता है? हम सभी को यह तथ्य समझ लेना चाहिए कि राष्ट्रभाषा किसी राष्ट्र की रीढ़ होती है। इसलिए हिन्दी के अधिकाधिक उपयोग के द्वारा हम भारत को एकता की डोर में बांधकर उसके विकास को सुनिश्चित करना चाहिए।

काजल (छात्र सम्पादिका)

बी.ए. प्रथम

रोल नं. 1210421002297

राष्ट्रभाषा के बिना
एक राष्ट्र गूँगा है

महात्मा गाँधी

जिद्द करो

जिद करो कि दुनिया बदल जाए,
जिद हो ऐसी जो गलत को सही कर जाए।
सहरा में नदियां बहने लगे,
बंजर धरा भी हरी हो जाए।
जिद हो हर भूखे को रोटी मिले,
जिद हो ऐसी जो रोते को हंसा जाए।
हौंसला दो किसी की टूटती उम्मीदों को,
हाथ दो किसी के थकते कदम को।
जिद हो आंधी में दीया जला दे,
जिद हो ऐसी जो रास्तों के लिए चट्टान हिला दें।
हर बात सिर झुकाकर मान लेना बुजदिली है,
कई बार जिद करना भी जरूरी है।
जिद हो कि सत्य ना छिपे कभी,
जिद हो सत्याग्रह न रूके कभी।
ख्वाब किसी के पूरे करो,
कि कोई तुमसे भी प्यार करें।

प्रवीन
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 1210421002187

पेड़

मैं हूं पेड़ मुझे मत काटो
टुकड़ो-टुकड़ो में मुझे मत बांटो।
दर्द मुझे भी होता है....
मन मेरा भी रोता है
मैं हूं मित्र तुम्हारा
सखा हूं सबसे न्यारा।
मेरे फल खुद नहीं खाता हूं....
सब तुम्हें ही तो दे जाता हूं।
जहरीली गैस भी पी जाता हूं
शुद्ध हवा तुम तक पहुंचाता हूं।
सूरज का भी ताप सहूं
मैं हूं जीवन का आधार।
सुनो बात तुम कान लगाकर,
वृक्षो का करना सम्मान
मैं हूं जीवन का आधार।

अन्शु
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 1210421002127

शिक्षक

जीवन है संघर्ष का नाम,
संघर्ष करना सिखाते है शिक्षक॥
देकर अपने जीवन का अमूल्य ज्ञान,
हमें योग्य इंसान बनाते है शिक्षक॥
अंधेरी रातों में दीपक बनकर,
जीवन को रोशन बनाते है शिक्षक॥
गिरते हुए को उठाते है शिक्षक,
जीवन की राह दिखाते है शिक्षक॥
इस दुनिया और देश के लिए,
एक आदर्श समाज बनाते है शिक्षक॥
बनी रहे शांति विश्व में,
यही संदेश देते है शिक्षक॥

भूमिका
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 121042100208

मेहनत का फल

एक गांव में दो मित्र राम और सोहन रहते थे। राम बहुत धार्मिक था और भगवान को बहुत मानता था। जबकि सोहन बहुत मेहनती था। एक बार दोनो ने मिलकर एक बीघा जमीन खरीदी। जिससे वह बहुत फसल उगाकर अपना घर बनाना चाहते थे। सोहन तो खेत में बहुत काम करता लेकिन राम कुछ काम नहीं करता बल्कि मंदिर में जाकर भगवान से अच्छी फसल के लिए प्रार्थना करता था। इसी तरह समय बीतता गया। कुछ समय बाद खेत की फसल पक कर तैयार हो गयी। जिसको दोनो मित्र ने बाजार ले जाकर बेच दिया और उनको अच्छा पैसा मिला। घर आकर सोहन ने राम को कहा कि इस धन का ज्यादा हिस्सा मुझे मिलेगा क्योंकि मैनें खेत में ज्यादा मेहनत की है। यह बात सुनकर राम बोला नहीं धन का तुझसे ज्यादा हिस्सा मुझे मिलना चाहिए क्योंकि मैंने भगवान से इसकी प्रार्थना की तभी हमको अच्छी फसल हुई। भगवान के बिना कुछ सम्भव नहीं है। जब वह दोनो इस बात को आपस में नहीं सुलझा सके तो धन के बंटवारे के लिए दोनो गांव के मुखिया के पास गए। मुखिया ने दोनो को सारी बात सुनकर उन दोनो को एक–एक बोरा चावल का दिया। जिसमें कंकड़ मिले हुए थे। मुखिया ने कहा कि कल सुबह तक तुम दोनो को इसमें से चावल और कंकर अलग करके लाने है जब मैं निर्णय करूंगां कि इस धन का ज्यादा हिस्सा किसको मिलना चाहिए। दोनों बोरी लेकर अपने घर चले गए। सोहन ने रात भर जागकर चावल और कंकड़ को अलग किया। लेकिन राम चावल की बोरी को लेकर मंदिर में गया और भगवान से चावल में से कंकड़ अलग करने की प्रार्थना की। अगले दिन सुबह सोहन जितने चावल और कंकड़ अलग कर सका उसको ले जाकर मुखिया के पास गया। जिसे देखकर मुखिया खुश हुआ। राम वैसी की वैसी बोरी को ले जाकर मुखिया के पास गया। मुखिया ने राम को कहा कि दिखाओ तुमने कितने चावल साफ किये। राम ने कहा कि मुझे भगवान पर पुरा भरोसा है कि सारे चावल साफ हो गए होंगे। लेकिन जब राम ने बोरी को खोला तो चावल और कंकड़ वैसे के वैसे ही थे। मुखिया ने राम से कहा कि भगवान भी तभी सहायता करते है जब तुम मेहनत करते हो। मुखिया ने धन का ज्यादा हिस्सा सोहन को दे दिया। इसके बाद राम भी सोहन की तरह मेहनती बन गया। अब वह खेत में मेहनत करने गया और अबकी बार उन दोनो मित्रों की फसल और भी अच्छी हुई।

कहानी से शिक्षा : हमें कभी भी भगवान के भरोसे नहीं बैठना चाहिए।

सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत करनी चाहिए

प्रवेश कुमार

बी.ए. प्रथम

"खुद पर कर यकीन, मंजिल की ओर चल दे
ना हो हताश–परेशान, अपने इरादों को बल दे"

हिन्दी भाषा

प्रकृति की पहली ध्वनि ऊँ है,
मेरी हिन्दी भाषा भी, इसी ऊँ की देन है।
देवनागरी लिपि है इसकी, देवों की कलम से उपजी,
बांगला, गुजराती, भोजपुरी, डोगरी, पंजाबी और कई,
हिंदी ही है इन सबकी जननी।
प्रकृति की हर इक चीज अपने में संपूर्ण है,
मेरी हिन्दी भाषा भी अपने में संपूर्ण है।
जो बोलते हैं, वही लिखते हैं,
मन के भाव सही उभरते हैं।
हिन्दी भाषा ही तुम्हे, प्रकृति के समीप ले जाएगी,
मन की शुद्धि, तन की शुद्धि, सहायक यह बन जाएगी।
कुछ हवा चलती है ऐसी यहाँ,
कहते हैं इस मातृ भाषा को बदल डालो।
बदल सको क्या तुम अपनी माता को ?
मातृभाषा का क्यों बदंलाव करो।
देवो की भाषा का क्यों तुम तिरस्कार करो।
बदल सको तो तुम अपनी सोच को बदल डालो
हर इक भाषा का तुम दिल से सम्मान करो।
हिन्द की जड़ों पर आओ हम गर्व करें।
हिन्दी भाषा पर आओ हम गर्व करें।

शरणजीत
बी.ए. द्वितीय
रोल नं. 120042002089

जिद्द मंजिल पाने की

क्या हुआ जो आज मैं,
एक आम इन्सान हूँ।

इक दिन खास बन दिखाऊगाँ....
जिद्द है, मेरी.....

दुनिया में नया कीर्तिमान रचाऊगाँ।
इतिहास में एक सुनहरा है अध्याय
मैं अपना भी जोड़ जाऊगाँ।
ना रूकुगाँ....., ना थकूगाँ..... , ना झुकुगाँ.....
ना पीछें मुड़ देखूगाँ ।

आग है सीने में, जज्बा साँसों में,
उम्मीद है आँखों में, इसको साकार रूप दे जाऊगाँ,
एक दिन मैं भी खास दिखाऊगाँ।
जिद्द है.....
चाहे लाख हो दीवारें .....
चाहे हो अनगिनत परस्थितियाँ
सबको मैं पीछे छोड़ जाऊगाँ।
हजारो बार गिरूगाँ, फिर खड़ा हो जाऊगाँ
लेकिन उम्मीद की एक किरण न छोड़गाँ।
इक दिन मंजिल जरूर पाऊगाँ,
जिद्द है.....

मीना
बी. ए. प्रथम
रोल नं. 1210421002154

गुरू

जीवन के घोर अन्धेरों में, प्रकाश जो बन कर आता है,
हर लेता है जो दुख सारे, खुशियों की फसल उगाता है।
न कोई लालच करता है, सच्चाई का सबक सिखाता है,
सागर के ज्ञान से भरा हुआ, बस वही गुरू कहलाता है।
नई एक राह दिखाकर हमकों, सभी संशय मिटाता है,
सागर के ज्ञान से भरा हुआ, बस वही गुरू कहलाता है।
अज्ञानी को ज्ञान वो दे, अलग नई पहचान वो दे,
जब लगने लगे हम थक से गए,
नई ऊर्जा, नया ज्ञान वो दे।
सागर के ज्ञान से भरा हुआ, बस वही गुरू कहलाता है।

अंशु
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 1210421002127

बेटी की विनती

नही करनी मुझे शादी, ना होना मुझे पराई है
कैसे दूर रहूँगी माँ, यही सोचकर आँख भर आई है।।

सुनकर बेटी की बात माँ धीरे से मुस्कुराती है,
है पास बुला, बैठा प्यार से उसको कुछ समझाती है।

ये रीत पुरानी है बिटिया, इसे हम सबको निभानी है,
आज नहीं तो कल बेटी तो अपने घर जानी है।

ये सिर्फ तुम्हारी नहीं, हम सबकी यही कहानी है,
जिसे बड़ा किया अरमानों से वो बेटी एक दिन ब्याहनी है।

अपनी क्षमता से ज्यादा, हम वर तुम्हारा ढूंढेगें,
कह रही हो जिन्हे पराया, हमसे ज्यादा खुश रखेगें।

इस घर जितना स्नेह मिला, उस घर को उतना देना,
कोई गुस्से में कुछ कह भी दे तो तुम दिल पर मत लेना।

साहिल
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 1210421002407

''बेटियाँ सबके नसीब में कहाँ होती है
घर जो खुदा को पसंद आए वहाँ होती हैं''

फिर से वही दौर आएगा

यकीनन फिर से वही दौर आएगा,
सुनसान पड़ी सड़कों पर खुशी का दौर आएगा।
इस वक्त को थोड़ा संभाल कर है जीना,
ये जिन्दगी है जनाब बार-बार मोड़ आएगा।

अमीर हो या गरीब सब घरों में कैद है,
महामारी है ऐसी ना कोई मजहबी भेद है।
हम सबको मिलकर लड़ना होगा ना कोई और आएगा,
यकीनन फिर से वही दौर आएगा ।
सुनसान पड़ी सड़कों पर खुशी का शोर आएगा।

जितना मुमकिन हो पाएगा, उससे ज्यादा कर दिखएगें,
हर हाल, हर कीमत पर अपने देश को बचाएगें।
होनी को तो सिर्फ वक्त ही दिखाएगा,
यकीनन फिर से वही दौर आएगा।
सुनसान पड़ी सड़कों पर खुशी का दौर आएगा।

संजय
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 1210421002234

दोस्ती

बचपन के लम्हों में जो साथ थे, वो दोस्त याद आते हैं,
गिल्ली डंडे की टीम साथ थे वो दोस्त याद आते हैं।
जब भी पीछे मुड़कर देखा तो, वो दोस्त याद आते हैं,
माना अब साथ नहीं वो लम्हें,
पर आज भी मुस्कान में छिपे वो दोस्त याद आते हैं।
जरूरी नहीं की सच्चे दोस्त सिर्फ काम आसान करें,
कुछ करीबी दोस्त काम बिगाड़कर दोस्ती जाहिर कर जाते हैं।
किस हद तक जाना है ये कौन जानता है?
किस मंजिल को पाना है ये कौन जानता है?
दोस्ती के ये दो पल जी भर के जी लो,
किस रोज बिछड़ जाना है ये कौन जानता है?

पूनम
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 1210421002167

बेटी

सब रोगो की दवा है बेटी
जीवन की इक आस है बेटी
ममता का सम्मान है बेटी
माता-पिता का मान है बेटी
आँगन की तुलसी है बेटी
पूजा की कलसी है बेटी
सृष्टि है शक्ति की बेटी
श्रद्धा है विश्वास है बेटी
जीवन की इक आस है बेटी

अंशु
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 1210421002127

बच्चों से बचपन छीनता फोन

आज के समय में मोबाईल फोन जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बन गया है। वर्तमान समय में छोटे बच्चे, युवा तथा बुजुर्ग व्यक्ति मोबाईल फोन की दुनिया में धंसते चले जा रहे है। आजकल के समय में बच्चे तथा युवा इस मोबाईल फोन के आदि बनते जा रहे हैं। आज के समय में फोन ने बच्चों का बचपन छीन लिया है। मोबाईल फोन ने बच्चों से कंचा, गिल्ली-डंडा, रस्सी कूद, लँगड़ी टाँग, पकड़म-पकड़ाई आदि खेलों को छीन लिया। दिन-प्रतिदिन मोबाईल फोन बच्चों को अपनी राह से भटका रहे हैं। मोबाईल फोन में अश्लीलता दिखाई जा रही है। बच्चे और युवा इस अश्लीलता के आदि होते जा रहे हैं। आजकल के बच्चे फोन पर ही निर्भर हो गए हैं। फोन के कारण बच्चे तथा युवा सामाजिक बोलचाल तथा समाज में उठना-बैठना भूल गए हैं। उन्हें समाज की किसी भी गतिविधियों से कोई मतलब नहीं रहा। बच्चे इसी कारण से घर से बाहर खेलने-कूदने जाने से भी वंचित हो गए हैं। कहीं ना कहीं मोबाईल के कारण बच्चे अपनी राह से भटक कर बचपन से बिछुड़ते जा रहे हैं। अत: आज इस बात की जरूरत है कि फोन को अपनी जरूरत के अनुसार ही प्रयोग करें और बच्चों को भी समझायें इसे अपनी जरूरत के अनुसार ही प्रयोग करें ।

पूनम
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 1210421002222

कोशिश कर

कोशिश कर हल निकलेगा,
आज नहीं तो कल निकलेगा।
अर्जुन सा लक्ष्य रख, निशाना लगा,
मरूस्थल से भी जल निकलेगा।
मेहनत कर पौधो को पानी दे,
बंजर में भी फिर फल निकलेगा।

ताकत जुटा हिम्मत को आग दे,
फौलाद का भी, बल निकलेगा।
सीनें में उम्मीदों को जिंदा रख,
समंदर से भी गंगाजल निकलेगा।

कोशिशें जारी रख कुछ कर गुजरने की,
जो कुछ थमा-थमा है, चल निकलेगा।
कोशिश कर हल निकलेगा,
आज नहीं तो कल निकलेगा।।

नवीन
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 1210421002247

शिक्षा

परिचय

किसी भी व्यक्ति की प्रथम पाठशाला उसका परिवार होता है और माँ को पहली गुरू कहा गया है। शिक्षा वो अस्त्र है, जिसकी सहायता से बड़ी से बड़ी समस्या का सामना किया जा सकता है, वह शिक्षा ही है, जिससे हमें सही–गलत का भेद पता चलता है। शिक्षा पर अनेकों निबन्ध लिखे गए हैं और आगे भी लिखे जाएगें। इसकी अहमियतता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है, एक वक्त की रोटी न मिले तो, चलेगा लेकिन शिक्षा मिलनी जरूरी है। शिक्षा पाना प्रत्येक व्यक्ति का अधिकार है। शिक्षा एक महत्वपूर्ण उपकरण है, जो हर किसी के जीवन में होना जरूरी है। शिक्षा वह हथियार है जो व्यक्ति को पृथ्वी पर अन्य जीवित प्राणियों से अलग करती है। यह मनुष्य को सशक्त बनाती है और उन्हें जीवन की अन्य चुनौतियों का कुशलता से सामना करने के लिए तैयार करती है।

शिक्षा क्या है

शिक्षा शब्द संस्कृत के 'शिक्ष' धातु से लिया गया है, जिसका अर्थ होता है, सीखना या सिखाना। अर्थात जिस प्रक्रिया द्वारा अध्ययन और अध्यापन होता है, उसे शिक्षा कहते हैं।

शिक्षा क्यों जरूरी है

शिक्षा एक अच्छे और कुशल जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। शिक्षा के माध्यम से ही हम अपने सपने पूरे कर सकते हैं। बिना शिक्षा के हम कोई भी मुकाम हासिल नहीं कर सकते। आजकल जीविकोपार्जन करना हर किसी की जरूरत है, जिसके लिए आपका शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक है। आज की पीढ़ी का बिना पढ़े–लिखे भला नहीं हो सकता है।

शिक्षा से ही रोजगार के अवसरों का सृजन होता है। आज वही देश सबसे ज्यादा ताकतवरों की श्रेणी में आता है, जिसके पास ज्ञान की शक्ति है। अब वो दिन गए जब तलवारों और बंदूकों से लड़ाईयाँ लड़ी जाती थी, अब तो बिना खून–खराबे के दिमाग से और केवल दिमाग से ही बड़ी–बड़ी लड़ाईयाँ जीती जा सकती हैं।

शिक्षा का अधिकार

वैसे शिक्षा पाना हर किसी का अधिकार है। अब इस तथ्य को देखते हुए कानून बन गया है, इसका तात्पर्य यह हुआ कि अब हर किसी को अपने बच्चों को पढ़ाना अनिवार्य है। नि:शुल्क एवं अनिवार्य 'बाल शिक्षा अधिनियम' के नाम से यह कानून 2009 में लाया गया । शिक्षा का अधिकार हमारे देश के संविधान में वर्णित मूल अधिकारों में से एक है।

उपसंहार

शिक्षा को सुलभ बनाने के लिए देश में शैक्षिक जागरूकता फैलाने की जरूरत है, लेकिन शिक्षा के महत्व का विश्लेषण किए बिना यह अधूरा है।

राजीव
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 1210421002243

बदलते रिश्ते

रिश्ते जताने लोग मेरे घर भी आएगें,
फल आए हैं पेड़ पर तो पत्थर भी आएगें।

जब चल पडे हो सफर को तो फिर हौंसला रखो,
सहारा कहीं, कहीं पर समंदर भी आएगें।

कितना गुरूर था उन्हें अपनी उड़ान पर,
उसको खबर न थी कि मेरे पर भी आएगें।

मशहूर हो गया हूँ तो जाहिर है दोस्तो,
इल्जाम सौ तरह के मेरे सर भी आयेगें।

थोड़ा सा अपनी चाल बदल कर चलो मिजाज
सीधे चले तो पीठ में खंजर भी आएगें।

पूनम
बी.ए. द्वितीय वर्ष
रोल नं. 1210422002080

मेरा शिक्षक

जीवन में जो राह दिखाए,
सही तरह चलना सिखाए।
माता-पिता से पहले आता,
जीवन में सदा आदर पाता।

सबको मान प्रतिष्ठा जिससे,
सीखी कर्त्तव्यनिष्ठा जिससे।
कभी रहा न दूर मैं जिससे,
वह मेरा पथ-पथदर्शक है।
मेरे मन को भाता,
वह मेरा शिक्षक कहलाता।

कभी है शांत, कभी धीर,
स्वभाव में सदा गंभीर।
मन में दबी रहे ये इच्छा,
काश मैं उस जैसा बन पाता,
जो मेरा शिक्षक कहलाता।

रितु रानी
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 1210421002107

वो हूँ मैं...

जिसे निभा न सकूँ
ऐसा वादा नहीं करती....
मैं बाते अपनी औकात से
ज्यादा नहीं करती....
भले ही तमन्ना रखती हूँ
आसमान छू लेने की।
लेकिन और को गिराने का,
इरादा मैं नहीं रखती....।

पूजा
बी.ए. तृतीय वर्ष
रोल नं. 2993320139

कविता

कुछ करना है, तो डटकर चल,
थोड़ा दुनिया से हटकर चल।
लीक पर तो सभी चल लेते हैं,
कभी इतिहास को पलटकर चल।

बिना काम के मुकाम कैसा,
बिना मेहनत के दाम कैसा।
जब तक ना हासिल हो मंजिल,
तो राह में आराम कैसा ।

अर्जुन सा निशाना रख,
ना मन में कोई बहाना रख,
लक्ष्य सामने है, बस उसी पर ठिकाना रख।

सोच मत साकार कर,
अपने कर्मो से प्यार कर।
मिलेगा तेरी मेहनत का फल,
किसी ओर का ना इंतजार कर ।

जो चले थे अकेले आज उनके पीछे मेले है,
और जो करते रहे इंतजार उनकी,
जिंदगी में आज भी झमेले है।।

रमनदीप कौर
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 1210421002135

मैं थका हूँ, हारा नहीं

पैरों में छाले हैं, कदम लड़खड़ाए हैं,
किस्मत का मारा हूँ, घबराया नहीं हूँ,
मैं थका हुआ हूँ, हारा नहीं हूँ मैं...।

लोग बदलते देखे हैं, मिजाज बदलते देखे हैं,
ठोकर खाया हूँ, डगमगाया नही हूँ,
मैं थका हुआ हूँ, हारा नहीं हूँ मैं....।

तारे हैं गर्दिश में आँखें है नमी में,
वक्त का सताया हूँ, घुटने टिकाया नहीं हूँ,
मैं थका हुआ हूँ, हारा नही हूँ मैं....।

विरोधी सामने हैं, कुटिल पीछे हैं,
घर आया हूँ, सर को झुकाया नही हूँ,
मैं थका हुआ हूँ, हारा नहीं हूँ मैं...।

रमनदीप कौर
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 1210421002135

पिता का साया

जीवन में पिता का साया,
होती है सूकून भरी छाया।
पिता से जो प्यार है पाया,

पिता है बच्चों का साया।
जिसने बुरी नजरों से बचाया,
जिसने प्यार सदा लुटाया,
तभी पिता वो कहलाया।

पिता ने गिरने से बचाया।
अपने को बैसाखी बनाया,
पिता ने चलना सिखाया।
गिरते हुए हृद्य से लगाया।

पिता ने मुझे पैरों पर खड़ा कराया
मंजिल का रास्ता मुझे दिखाया।
पिता ने मेरे कष्टों को भगाया,
मेरा बोझ अपने कँधों पर उठाया।

स्नेहा
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 1210421002011

रब की परछाई माँ

माँ तो आखिर होती है माँ,
अपने सपनों को त्यागकर,
रातों को जागकर।
हमारी ख्वाहिशें करती है पूरी,
उनकी बिना तो जिन्दगी अधूरी,
ममतामयी आँचल है जिनकी,
जैसे गौरी और जानकी।
खुशियों की तो यह है मोती,
माँ की आँखों में करूणा की ज्योति।
रिश्तों को ये संजोए रखती,
सार दर्द खुद ही सह लेती।
अपनों पर जब है संकट आता,
मौत से भी लड़ने का मन बन जाता।
कभी दुर्गा, कभी चंडी बन जाती,
जब बात अपने बच्चों पर आती।
रब की परछाई होती है, माँ,
माँ तो आखिर होती है, माँ।

काजल
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 1210421002297

मेरे माता पिता मेरी दौलत मेरी शान है
उनके कदमों की धूल में ही मेरा जहान है..!!

पंछी और इंसान

तन्हा बैठी थी एक दिन, मैं अपने मकान में
चिड़िया बना रही थी घोंसला रोशनदान में।
पलभर में आती पलभर में जाती थी वो,
छोटे-छोटे तिनके चोंच में भरकर लाती थी वो।
बना रही थी वो अपना घर एक न्यारा,
बस तिनका था, ना ईंट उसकी ना कोई गारा।
कुछ दिन बाद.....
मौसम बदला, हवा के झोंके आने लगे,
नन्हे से दो बच्चे घोंसले में चहचहाने लगे।
पाल रही थी चिड़िया उन्हें,
पंख निकल रहे थे दोनो के।
पैरों पर करती थी खड़ा उन्हें,
देखती थी मैं हर रोज उन्हें।
जज्बात मेरे उनसे कुछ जुड़ गए
पंख निकलने पर दोनो बच्चे
माँ को छोड़ अकेले उड़ गए।
चिड़िया से पूछा मैने...
तेरे बच्चे तुझे अकेला क्यों छोड़ गए,
तू तो थी माँ उनकी, फिर रिश्ता क्यों तोड़ गए ।
चिड़िया बोली.....
परिन्दे और इन्सान के बच्चे में यही तो फर्क है,
इंसान का बच्चा.....जताता पैदा होते ही अपना हक है।
न मिलने पर वो माँ-पिता को कोर्ट कचहरी भी ले जाता है।
मैनें बच्चों को जन्म दिया।
पर करता कोई मुझे याद नहीं।
मेरे बच्चे क्यों रहेगें साथ मेरे,
क्योंकि मेरी कोई जमीन-जायदाद नहीं।

प्रीति
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 1210421002011

किताब

कुछ होती है हल्की,
कुछ होती है भारी।
लेकिन इनमें होती है, दुनिया की हर जानकारी।
अकसर कुछ नया करने का,
इनसे ही बनता ख्वाब है।
जिन्दगी में सबसे अच्छा दोस्त,
कोई और नहीं किताब है।
ज्ञान की ये खान है, होती बहुत महान है
जीवन ये इंसान का बदले,
तभी तो इसकी शान है।
क्या बीता? क्या होता है?
सबका इसमें हिसाब है।
जिन्दगी में सबसे अच्छा दोस्त,
कोई और नहीं किताब है।
कबीर के दोहे हैं इसमें,
संतो की इसमें वाणी है।
पढ़कर इनको लाभ ही होता,
और होती न कोई हानि है।
कोई ऐसा प्रश्न नहीं,
जिसका न इनमें जवाब है।
जिन्दगी में सबसे अच्छा दोस्त,
कोई और नहीं किताब है।
मंजिल पर जो पहुँचाती है,
वही तो ये राह है।
हर जिज्ञासु के मन में,
इसको पाने की चाह है।
ये तो वो सागर है, जिसमें भरा ज्ञानमय आब है।
जिन्दगी में सबसे अच्छा दोस्त,कोई और नहीं किताब है।

अंजलि जैन
बी.ए. तृतीय
रोल नं. 2993320150

सारे बोल जाते हैं

कहाँ पर बोलना था और कहाँ बोल जाते हैं
जहाँ खामोश रहना था वहाँ मुँह खोल जाते हैं।
जब कटा शीश सैनिक का तो हम खामोश रहते हैं,
कटा जब सीन पिक्चर का तो सारे बोल जाते हैं।
नई नस्ल के थे बच्चे, जमाने भर की सुनते हैं,
मगर माता-पिता कुछ बोले तो, ये आगे बोल जाते हैं।
हवाओं की तबाही को सब चुपचाप सहते हैं,
चिरागों से हुई गलती तो सो बोल जाते हैं।
बनाते फिरते हैं रिश्ते जमाने भर से अक्सर,
मगर जब घर में हो जरूरत तो रिश्ते सारे भूल जाते हैं।

सुमन आल्हान
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 1210421000396

इन्सान का बेहतर होना गुनाह है

ख्वाबों का रंगीन होना गुनाह है,
इंसान का जहीन होना गुनाह है।
कायरता समझते है लोग मधुरता को,
जुबान का शालीन होना गुनाह है।
खुद की ही लग जाती है नजर,
हसरतों का हसन होना गुनाह है।
लोग इस्तेमाल करते है नमक की तरह,
आंसुओ का नमकीन होना गुनाह है।
दुश्मनी हो जाती है मुफ्त में,
सैकड़ो से, इंसान का बेहतरीन होना गुनाह है।
जिसे निभा न सकूं, ऐसा वादा नही करता,
मैं बातें अपनी औकात से ज्यादा नहीं करता।

लम्हें जिन्दगी के

जिन्दगी को खुशी से बिताना सीख लो,
हर बात पर तुम मुस्कुराना सीख लो ।
गुजरे लम्हों पर आँसु न बहाओ,
जो वक्त पड़ा है उस पर विजय पाओ।
अरमानों को अपने दिल में छिपाना सीख लो,
हर बात पर तुम मुस्कुराना सीख लो।
जीवन में चुनौतियों को सलाम करना सीख लो,
हर मुश्किल को आसान करना सीख लो।
हार कर भी जश्न मनाना सीख लो,
हर बात पर तुम मुस्कुराना सीख लो।
अपने कर्त्तव्य को पहचानना सीख लो
हिम्मत का दामन थामना सीख लो,
हर बात पर तुम मुस्कुराना सीख लो।

भले ही तमन्ना रखता हूं, आसमान छू लेने की,
औरों को गिराने का, इरादा नहीं करता॥

अभिषेक
बी.ए. प्रथम
रोल नं. 210421002095

कविता : निराश न हो

कुछ करना है तो डटकर चल।
थोड़ा दुनियासे हटकर चल।
लीक पर तो सभी चल लेते है
कभी इतिहास को पलटकर चल॥
बिना काम के मुकाम कैसा।
बिना मेहनत के, दाम कैसा।
जब तक ना हाँसिल हो मंजिल
तो राह में, आराम कैसा।
अर्जुन सा निशाना रख।
मन में, ना कोई बहाना रख।
लक्ष्य सामने है, बस उसी पे अपना ठिकाना रख॥
सोच मत, साकार कर।
अपने कर्मो से प्यार कर।
मिलेगा तेरी मेहनत का फल।
किसी ओर का ना इंतजार कर
जो चले थे अकेले उनके पीछे आज मेले है....
जो करते रहे इंतजार उनकी
जिदंगी में आज भी झमेले है।

ममता बिश्नोई
बी.एस. सी (ऑनर्स)
रोल नं. 12104210910011

मुझे कब तक रोकोगे

मुठ्ठी में सपने लेकर
भर कर जेबों में आशाएँ
दिल में है अरमान यहीं
कुछ कर जाएँ कुछ कर जाएँ

सूरज सा तेज नहीं मुझमें
दीपक सा जलता देखोगे
अपनी हद रोशन करने से
तुम मुझको कब तक रोकेगे।

मैं उस माटी का वृक्ष नहीं
जिसको नदियों ने सीचा है
बंजर माटी में पलकर मैनें
मृत्यु से जीवन खींचा है।

मैं पत्थर पर लिखी इबारत हूँ
शीशे से कब तक तोड़ोगे
मिटने वाला मैं नाम नहीं
तुम मुझको कब तक रोकोगे
तुम मुझको कब तक रोकोगे

इस जंग में जितने जुल्म नहीं
उतने सहने की ताकत है
तानों के शोर में भी रहकर
सच कहने की आदत है।

मैं सागर से भी गहरा हूँ
तुम कितने कंकड़ फेकोगे
चुन-चुन कर आगे बढूंगा मैं
तुम मुझको कब तक रोकोगे॥

झुक झुक कर सीधा खड़ा हुआ,
अब फिर झुकने का शौक नहीं
अपने ही हाथों रचा स्वयं।
तुमसे मिटने का खौफ नहीं।

तुम हालातो की भट्ठी में
जब जक मुझको झोकेगे
तप तप कर सोना बनूंगा।
तुम मुझको कब तक रोकोगे

रिया
बी.एस. सी (ऑनर्स)
रोल नं. 121042109013

मैं हिन्दी हूँ

मैं हिन्दी हूं

मेरी बातों में, तुम्हारे जज्बातों में

हिन्दी फिल्मों के गीतों मं

बारिश के छींटो में

बूंदो की डाटो में, गलियों में चाटों में

बनारस के घाटों में, हामिद के चिमटे में

देश की माटी में, गांधी की लाठी में

दिया की बाती में, राजस्थान की रेती में

वीरों की क्रांति में

फगुआ, बिरहा जैसे लोकगीतों में

देश के इन बढ़ते डलते हालातों में

मस्जिद के नमाज तथा मंदिर कें घंटो में

''हरिऔध'' की कहानी में

युवाओं की जवानी में, जिदंगी की रवानी में

मैं हिन्दी हूँ.....अभी थोड़ा लड़खड़ाने लगी हूँ

मैं हिन्दी हूँ

श्वेता

बी.एस.सी. (ऑनर्स)

रोल नं. 1210421002095

सफलता की ओर

राह में मुश्किल होंगी हजार, तुम दो कदम बढ़ओ तो सही,
हो जायेगा हर सपना साकार, तुम चलो तो सही।
मुश्किल इतना भी नहीं, तुम कर ना सको पार,
दूर है मंजिल लेकिन इतनी भी नहीं तुम पा ना सको।
तुम चलो तो सही, तु चलो तो सही,
एक दिन तुम्हारा भी नाम होगा, तुम्हारा भी सत्कार होगा।
तुम कुछ लिखो तो सही, तुम कुछ आगे बढ़ो तो सही,
तुम चलो तो सही, तुम चलो तो सही।
सपनों के सागर में कब तक गोते लगाते रहोगे
तुम एक राह हो चलो तो सही,
तुम उठो तो सही,
तुम कुछ करो तो सही, तुम चलो तो सही
कुछ ना मिला तो तुम सिख जाओगे
जिंदगी का अनुभव साथ ले जाओगे।
गिरते-पड़ते संभल जाओगे।
फिर एक बार, तुम चलो तो सही.....

अभिषेक

बी.ए. प्रथम

रोल नं. 1210421002095

देश भक्ति

यह उन दिनों की बात थी, चुनौतियों से भरी हर रात थी।
जब वीर जवानों ने हमारे, यह संदेश भिजवाया था,
और देश आजाद करवाया था,
हां, यह देश गुलजार है, हवा में इसके प्यार है,
छोटे बड़े सब अपने है खुली आंखे में भी सपने है।
हर पंरिदा आजाद है, सभी भाषाओं का अनुवाद है,
हर बूंद में प्यार है हर रस्म में मिठास है।
रंगमंच है खुशियों का, और भविष्य का भी अंजाम है,
ज्यादा या थोड़ा ही सही पर हर दिल में मौजूद कलाम है।

नवीन

बी.ए. द्वितीय

रोल नं. 120042002206



ENGLISH SECTION

Gender Sensitization

Gender sensitization means create awareness about gender issues and encourage behavioral modification towards gender equality through awareness campaigning. Gender is the socially and culturally constructed roles, relations, responsibilities and expectations of women and men. It can change over time and differ from place to place. Sex is the biological phenomena of person. It does not change over time and not differ from place to place.

Gender Discrimination

Gender discrimination is available everywhere e.g. at home, at workplace, at society. Usually women are considered weak not only physically, even in every field. A baby comes as a blank paper. Parents are giving wrong direction to their children and set up the wrong example. For instance, "You cannot speak loudly, because you are a girl". "You cannot play with a doll, because you are a boy". Discrimination is also available in education. Girl children get lesser chance to educate than boys. Girls face restrictions in freedom, feel unsafe and get fewer opportunities than boys. Discrimination is also available at workplace; even some employers do not call for interview if a woman is pregnant.

Gender Stereotypes

A gender stereotypes is preconception about roles that are performed by women and men. Some preconceptions are: "Boys should be used blue and green colour while girls should be used red and pink", "Men are natural leaders while women are natural nurturers". Gender stereotyping becomes harmful or wrongful when it violates human rights and fundamental freedoms.

So what is the solution?
Gender sensitization is the answer for it.

Gender sensitization is modification of behavior towards other gender. Gender equality is not about disrespect or disempowering of men but it is about working together to dismantle power hierarchies. In this process, all genders are taught to respect others irrespective of gender. This will not happen suddenly, it will take time. If gender sensitization is started from childhood at home and school, it will make definitely this world safe and beautiful place. Then no women will be harassed at home or workplace and no men will get frustrated.

Dr. Suman Malik
Department of Computer Science

Importance of Communication

Communication and the need for it to be good has become increasingly important in all fields of life. Communication is a way to pass on information about a certain belief, emotions, feelings and ideas from one person to another or from one person to a group of people. In today's world English is the most important language to communicate with others and socialize.

The formal way of communication is usually, is an official setup and people use more formal language and controlled ways of conveying information. Whereas informal communication is the opposite, there are no set rules and only casual language in such a form of communication.

However, the importance of good communication is an important in any form of communication as it improves the work environment there is no communication gap, all jump on the same bandwagon, one can easily find solutions when they communicate their issues and problems with clarity.

Good communication also help create healthy boundaries in both personal and professional life so it is important to be a good communcator for a stess-free life with no misunderstanding.

Afsana Khan (Student Editor)
B.A. Ist
Roll No. 1210421002050

10 Lines of Friendship

1. Friendship is a selfless relationship between two or more persons with a sense of affection and esteem.
2. Friendship can happen between any individuals irrespective of their geographical boundaries or nationality.
3. Two friends generally keep their heart open for each other and don't keep anything secret.
4. Many people be friend rich individuals for the sake of money and escape the vicinity whenever their friend is in a difficult situation.
5. A true friend will never leave his friends whatever be the situation, and will always stand strong beside them.
6. The friendship acts as a balm on the pain of sorrows, grieves and suffering of life.
7. Friendship can also prosper with animals since they are the one who will never betray you.
8. The adverse conditions helps to test the authenticity of friendship.
9. True friendship is rare to find, but if found it needs to be preserved and nurtured throughout the life.
10. Friendship is a bond which heightens our happiness, lightens our sorrows and brightens our lives.

Priyanka
B.A. Ist
Roll No. 1210421002068

Why Girl Power is Important

We know that we have the power to change our world and we do it everyday. We just need to believe in ourselves and be persistent for what we want.

The truth is that only with the help of women and girls, we can create a better future for everyone. After this, there will be list of reasons why girl power is important.

Girl power has become an essential part of our culture new-a-days due to increase in crimes, rapes etc. Do you know why marriages are not working ? It is because men have became egoistic about their position and think that they have all the rights to abuse women.

Conclusion : We need to teach girls and women about self-defence, so that they knew how to deal with any situation. We have the same thing in common that we want to see an improvement in out world. It is not only one man who can change or bring change; it needs everyone's participation for a brighter future.

Shally
B.A. IInd
Roll No. 1210422002100

Trees

I think that I shall never see a poem lovely as a tree.
A tree whose hungry mouth is prest against the earth's sweet flowing breast ;
A tree that looks at God all day, and lifts her leafy arms to pray ;
A tree that may in summer wear a nest of robins in her hair.
Upon whose bosom snow has lain; who intimately lives with rain.
Poems are made by jools like me, but only God can make a tree.

Chanchal
B.A. Ist
Roll No. 1210421002049

My First Day in College

For me, my first day at the college was the most exciting day of my life. First, I met new students who shared my interest. Secondly it was a whole new experience for me. Thirdly after studying in schools so far, I felt a sense of freedom. Moreover, It was the first day that I started studying something that I really liked. I met lots of boys/girls who were as exicited as me for their fist day at college.

Preeti
B.A. Ist
Roll No. 1210421002200

Success

Success is goal of everyone's life. No one can achieve success in life without hardwork. Everyone in this world has some dream or goal to achieve which works sincerely. It is a good thing to dream about some good life and achieving that goal is our success.

We should work hard and use our time properly to make our life's dream come true. Success come only to those who sincerely work hard for their success. People should use their time properly and work accordingly to make their dreams come true. Failure is also a part of success. We don't need to be dissappointed by our failure, rather we need to learn from our failure.

A Successful person is the one who uses his time properly to achieve his goal. Achieving success requires a lot of hard work, dedication, motivation etc. Success comes only to those who pursue their goal with their determination. It can never be taken advantage to by those people who only dream of being successful in their goal and do nothing to achieve it.

Nitika
B.A. Ist
Roll No. 1210421002191

Role of The Mobile Phone

The mobile phone is one of the most important inventions of the twentieth century. It enables us to keep in touch with our family members and beloved ones at any time and at any place. Previously, the landlines phones were very useful for communication. Next came the P.C.O. booths. But now we can carry the mobile phone with us wherever we go in the beginning, the mobile phone was a simple mechnaism. It was used only for communication. But now it has a number of other related functions, which have made life mush easier Nowadays. It can facilitate all means of communication such as text messages, calls configration video calling image sharing, connecting to interest, social networking, information processing and listen to music as watch movies on the mobile phones.

Preeti
B.A. Ist
Roll No. 1210421002200

Struggle Today

Struggle today For a better tomorrow
Hard work pays, you should always know
No matter how tough May seem the climb
Keep moving, keep fighting
One win at a time
Preservance and patience Go a long way
Because for the sunrise, even
The longest nights make way

Sharanjeet
B.A. 2nd
Roll No. 120042002089

Pledge

India is my country. All Indians are my brothers & sisters. I love my country and I am pround of its rich and varied heritage. I shall always strive to be worthy of it.
I shall pay respect, to my parents, teachers and all elders and treat every one with country.
To my courtesy and my people. Their I pledge my devition in well-being prosperity alone, lies my happiness.

Jai Hind

Lakshmi
B.A. Ist
Roll No. 1210421002232

Paper

I take birth from tree,
And all that they get me for free
People took me for granted,
And threw me wherever they wanted.

People used me to fulfil their will,
And took me to that paper mill.
Man uses me in any way,
I am better than a plastic they say.

Sharanjeet
B.A. 2nd
Roll No. 120042002089

My Hero

You held my hand, when I was small
You caught me, when I fell
You're the hero of my childhood
And my later years as well.

And every time I think of you
my heart still fills with pride
Though I'll always miss you dad
I know you're by my side

In laughter and in sorrow
In sunshine and through rain
I know you're watching over me
Until we meet again, Dear Dad

Poonam
B.A. Ist
Roll No. 1210421002167

Life

Life is a God's gift. It is very short
It is like a blooming flower.
Time is flying, it never waited for anyone.

When flower is blooming, it
Looks very beautiful and gives us happiness
flower fades away very soon.
So, please enjoy life, give happiness

Bhawna
B.A. Ist
Roll No. 1210421002215

The Importance of being yourself

In a world where we are told that we can be anything we want to be. You can be a writer, an artist or an astronaut but you have no choice but to be yourself. May be I should say that this is the only wise choice. You can not pretend to be someone or something that you are not, plenty of people try but they ultimately fail. If you do succeed, you certainly won't be happy.

I have come across a fair, few people making their way through life by pretending. May be it is easier to convince ourselves that We feel good about something or someone rather than admit that we do not. Contentment doesn't require action so by convincing ourselves that we are happy even when we are not, we may be able to avoid making those difficult decisions. We don't have to tell our partner that we aren't in love with them anymore or that we aren't happy in our relationship. We don't have to swallow our pride and ask for help when we need it because, hey, everything is just fine! We can simply smile and keep pretending. Pretending everything is fine means not having to contend with all the fears and the potential of disapproval from loved ones if we leave it behind. Pretending is costly because we may be giving away our peace of mind and happiness.

Afsana Khan (Student Editor
B.A. Ist
Roll No. 1210421002050

Thoughts

1. Not everyone is good in the crowd and there is no crowd of good people.

2. Love people, respect them but not more than your self respect.

3. The floor looks for away, but try to reach.

4. The one who tried to change the world, last and the cone who changed himself won.
5. Don't loose hope, try to convert it into realty.

6. The biggest disease, "what will people say..."

Manisha
B.A. Ist
Roll No. 1210421002217

Failure & Success

Failure is the penality,
For continually getting things wrong

Success on the other hand is the award for getting things continually right.

Failure puts you down in despair
success sends you soaring among the clouds

Therefore, I look at myself and wonder
Am I a success or failure ?
Then may be I am a bit of both, whichever,
way the hammer falls only your can decide.

Ravi Yadav
B.A. Ist
Roll No. 1210422002343

Wonderful Mother

God made a wonderful mother, A mother who never grows old; He made her smile of sunshine, And He molded her heart of pure gold. In her eyes He placed bright shinning stars.

In her cheeks fair rose you see; God made a wonderful mother, and gave that dear mother to me.

AMAZING
LOVING
STRONG
HAPPY
SELFLESS
GRACEFUL

Sneha
B.A. Ist
Roll No. 1210421002011

I Dream A World

I dream a world where man
No other man will scorn,
Where love will bless the earth
And peace its paths adorn
I dream a world where all
Will know sweet freedom's way
Where greed no longer saps the soul
Nor avarice blights our day
A world I dream where black or white
What ever race you be.
Will share the bounties of the earth
And every man is free
Where wretchedness will hang its head
And joy, like a pearl
Attends the needs of all mankind
Of such I dream, my world !

Partibha
B.A. Ist
Roll No. 1210421002043

Think Positive

If you think you are beaten, you are
If you think you dare not, you don't
Success begins with your own will...
It's all in your state of mind.
Life's battles are not always won.
By those who are stronger or faster;
Soner or later the person who wins
Is the person who thinks he can !

Monika
B.A. 2nd
Roll No. 120042002328

Your Best

If you always try your best
Then you'll never have to wonder
About what you could have done
If you'd summoned all your thunder
And if your best
was as not good
As you hoped, It would be,
You still could say,
"I gave today
All that I had in me."

Rakhi
B.A. 2nd
Roll No. 120042002334

STUDY ! STUDY ! STUDY!

Studying is your religion and your marks
are your god,

Coaching center is your temple, pray there
as long as you can.

Your only mantra should be eat, sleep,
study and repeat,

To prepare for austerities like board, JEE
and NEET!

You need to leave others behind to achieve
what's destined

God will lead to the path of selection in
the form of top institute and highly paying job

Even if you are a fish, you have to climb
that tree.

As there is no room for you to name around
as free.

Only on your answer sheet, you should
show your talent,

Your only goal should be to become a
top student!

SO STUDY ! STUDY ! STUDY!

Anmol Kaushik
B.Sc Final (Non Med.)
Roll No. 299421006

NEW EDUCATION POLICY

Education is a fundamental need and right of everyone now. In Order to achieve our goals and helps develop a just society. We need education. similarly, education plays a great role in the national development of a nation. As we are facing a major change in term of knowledge globally. The government of India approved the national education policy 2020. This essay on new education policy 2020 will help you learn how this new policy has replace the national education policy 1986 that is 34 years old now this new policy 1986 that is 34 years old. This new policy has the aim of universalizing education from preschool to school secondary rule. It plans to do that with a 100% GRE (Gross Enrolment Ratio) in schooling. The plan is to achievement it by 2030.

This essay on new education policy 2020 will highlight the change brought in by this new policy. Firstly, the policy propose, to open Indian higher education in foreign universities its aim to introduce a four year multi disciplinary undergraduate program with various exit option. Thus this new policy will strive to make the country of India a global knowledge superpower.

Similarly, it also aims to make all universities and college multi disciplinary by the year 2040. Finally, the policy aims to grow employment in India and also bring fundamental changes to the present educational system.

Advantage and disadvantage of new Education policy

The policy gives an advantage to students of classes 10 and12 by making the board exams easier. In other words it plans to test the core competencies trusted of more memorization of facts it will also all the students to take the exam twice. Further, it proposes that on independent authority will be responsible for regulating both public and private schools. Similarly the policy aims to diminish any severe separation between the educational streams and vocational streams in the school.

There will also be no rigid divisions between extra curriculum. Vocational educational will begin at class sixth with an internship. Now the essay on new education policy 2020 will tell you about the disadvantage of the policy.

Finally it can make the position/education system expansive. Meaning to say admission to foreign. Will probably result in this. Further , it will create a lock of human resources.

If we look at the present elementary education. we notice that there is a lack of skilled teacher thus keeping this in mind. The national education policy 2020 can give rise to practical problem in implementing the system that is for elementary education.

Finally, there is also the drawback of the exodus of teachers. In other words, admission to foreign universities will ultimately result in our skilled teacher migrating to those universities.

Conclusion : The conclude to essay on new education policy 2020 we can say that this policy is an essential initiative to help in the all around development of our society and country as a whole. However the implementation of this policy will greatly determine its success. Nonetheless with a youth dominant population, India can truly scheme a better state with the proper implementation of this education policy.

Keiran Yadav
B.Sc (Final)
Roll No. 2994220021

HOW TO LEAD A GOOD LIFE

Life is the name of purpose, struggle love, dedication and a number of feelings and emotions. life shapes its true colour with time and it depends on how your approach toward life is. It takes a no. of turns during its whole span. There are to high time that really check your courage and capabilities of facing adverse situations. How well your tackle proves your credibility. People who just close their eyes to avoid hardship are cowards. Striving hero and trying censtarly improves our approach towards destiny. These inuidents make your thinking a bit more rational and lied your out of leading a monotonous life. In other words life lets your all the time life is opposite of teacher as it takes exam first and then teacher a lesson.

When you love someone life changes its meangings priorities and requirements. It seems to be confined within the kingdom of your loved one's heart. To love and being loved is the best fedirg in life nad has no pyralis. Everyone wishes to lead a bussful life nad it is possible only where your know each. other understand each. other and stand for each. other through boal times. Do not Waste time in getting diverted towards attraction. Life should have some purpose. Identify your aim and head towards it. time wait for no one choose your priorities wisely. It is said that.

"When you want something the entire universe conspires in helping you to achieve it."

Life is worthless without hope. Hope is the key element in life which never lets you down and keeps your moral high. Always be optimistic and have faith in God, Everything happens for a reason. Something subject in convenience makes us thinks that life is cruel. But it is not so, spreading optimism instead of pessimism will light up our life positively. Remember that.

"The darkest hour of night comes just before the down.

Parveen
B.Sc 1st (Non-Med.)
Roll No. 1210421015030

संस्कृत अनुभाग

सम्पादकीयम्

आधुनिक काले सर्वे छात्राः महाविद्यालयं विश्वविद्यालयं गच्छन्ति पठन्ति च परं कोऽपि शिक्षितोनास्ति। सर्वे छात्राः प्रमाण पत्रं एकत्रित कुर्वन्ति। तै किमर्थं । किम् उद्देश्यम्। शिक्षयाः उद्देश्यः युवां सर्वांगीण विकासः मन्यते। शारीरिकः मानसिकः बौद्धिकश्च उन्ययत् भवेत् अयमेव लक्ष्योस्ति अस्माकमपि महाविद्यालयस्य। वर्तमान काले अस्मिन् देशे हिसां-आतंकयोः वातावरणं अस्ति। एतादृशं परिस्थितिषु सम्प्रदायिक सद्भाव-राष्ट्रीय एकता अखण्डतानां महत्वपूर्ण अस्ति। शिक्षकाः छात्राश्च अस्या दिशि सशक्त भूमिका आवश्यकी वर्तते। अस्माकं एकैव लक्ष्य अस्ति राष्ट्रस्य सेवा, समाजस्य सेवा साम्प्रति युगे प्रायः सर्वे जनाः येन-केन प्रकारेण धनोपार्जने संलग्ना दृश्यन्ते । परिणमतः समग्रे राष्ट्रे सम्प्रति भ्रष्टाचारस्य विभीषिका ताण्डवं करोति। एवमनुचित साधनैरर्जितं धनमानावश्यक कञ्च संचितोऽर्थ एव पापस्य मूलम्। तस्मादेव समाजे निखिले च राष्ट्रे अराजकतयां वातावरणं दरी दृश्यते। अर्थलौल्यादेव साम्प्रतमस्माकं देशस्यार्थचव्यवस्थाऽपि विच्छिना जाता। वेदेषु ग्रन्थेष च पदे-पदे निर्दिष्टश्यार्थशौचस्य भावनावश्यकरूपेणनुपालनीया, इति अनुभूयते। यदि जनाः एतादृशैर्वचनैरूत्प्रेरिता स्यु तहि अधर्मेणाजितेन धनेन स्वविनाशं भयाते पुनः धर्मानुकूलं धनार्जनं प्रति आकृष्टा भविष्यन्तीति नात्र सन्देह।

जोगिन्द्र सिंह
एसोसिएट प्रोफैसर
सम्पादक (संस्कृत अनुभाग)

संस्कृतः भषायाः महत्त्वम्

- संस्कृत भाषा सर्वप्राचीना भाषा अस्ति।
- संस्कृत भाषा विश्वबधुत्वस्य पोषणम् करोति।
- भारतीयैकता साधकम् संस्कृतम् अस्ति।
- संस्कृत साहित्यं मानवजातेः कृते अमूल्यधनम् अस्ति।
- संस्कृतभाषाया प्राचीनर्वाचीनयोर्मध्ये सेतुः अस्ति।
- संस्कृत विश्वस्य महत्तं भाषा अस्ति।
- संस्कृत भाषा लैटिन भाषाया अपेक्षयाः अधिक समृद्धम् अस्ति।
- संस्कृत न केवलं जीवितानाम् अपितु दिवंगतानाम् कृतेऽपि सञ्जीवनी अस्ति।
- अधुनाऽपि संगणकस्य कृते संस्कृत भाषा अति उपयुक्ता अस्ति।
- संस्कृतभाषायाएवभारतस्य प्राणभूता भाषा अस्ति।
- सर्वे प्राचीनग्रन्थाः चत्वारो वेदाश्च संस्कृतभाषयामेव सन्ति।
- प्राचीनकाले सर्वे एव भारतीयाः संस्कृतभाषायां एव व्यवहारं कुर्वन्ति स्मः।
- संस्कृतभाषायाः भारतराष्ट्रस्य एकतायाः आधारः अस्ति।
- अस्य व्याकरणं पूर्णतः तर्कसम्मतं सुनिश्चितं च अस्ति।
